बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
एक परिवार एक बैंक

निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजी नगर, पुणे - 5
टेलीफोन : 25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार 487

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोलापुर में स्व - सहायता समूहों से संपर्क किया, एसएचजी को व्यापक पैमाने पर ऋण देने की योजना

पुणे, 18 अक्तूबर, 2021 : बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का एक अग्रणी बैंक है। बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री ए. बी. विजयकुमार ने कलमण, सोलापुर के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र स्व - सहायता समूह (एसएचजी) को व्यापक पैमाने पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराएगा। वे दो दिनों के लिए सोलापुर अंचल के दौरे पर थे।

श्री विजयकुमार ने कहा कि स्व - सहायता समूह को दिए जाने वाले ऋण सामान्यतः अनर्जक नहीं होते हैं। एसएचजी द्वारा अपने महिला सदस्यों के आत्मविश्वास में संवर्धन कर उनकी आत्मनिर्भरता भी सुनिश्चित की जाती है, जिससे सामाजिक समृद्धि होती है। अतः बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा स्व - सहायता समूह के प्रयासों को दृढ़तापूर्वक सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि उनके सदस्य आत्मनिर्भर बन सकें।

श्री विजयकुमार ने आगे कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने आजादी की प्लेटिनम जयंती को भव्य रूप में मनाने की घोषणा की है, जिससे हमें अपने ग्राहकों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु अपनी सेवाएं दूरदराज तक पहुंचाने का सुअवसर मिला है। वे बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा कलमण में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित कर रहे थे, जहां लगभग 53 स्व - सहायता समूहों को ऋण प्रदान किए गए। बैंक ने इस कार्यक्रम द्वारा कृषि और रिटेल ग्राहकों को भी ऋण सुविधाएं प्रदान की।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं मूल्यवान ग्राहकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसएचजी सदस्यों सहित सोलापुर अंचल की अंचल प्रबंधक श्रीमती सुनीता भोसले, उप अंचल प्रबंधक श्री हेमन्त महाजन, कलमण ग्राम के सरपंच श्री पांडुरंग तांबे और उप सरपंच श्री सुनील पाटिल उपस्थित थे। श्रीमती मीनाक्षी मडियाल ने महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की तरफ से अपने उत्कृष्ट अनुभव साझा किया और बैंक के साथ दीर्घकालिक संबंध का उल्लेख किया।

श्री विजयकुमार ने कुंभारी ग्राम (एशिया में सबसे बड़ा) के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए मेगा पीएमएवाई हाउसिंग टाउनशिप (रे फेडरेशन) को भी भेंट दी और कार्य की प्रगति की जानकारी के लिए प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अनिरूद्ध पंति से मुलाकात की। बैंक के कार्यपालक निदेशक ने परियोजना के सभी श्रमिकों के साथ बातचीत की और प्रवासी श्रमिकों के लाभ के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र व्यापक पैमाने पर रे फेडरेशन से संबद्ध है और ईडब्ल्यूएस आवासों को वित्त प्रदान करने का इच्छुक है।

श्री विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने सोलापुर अंचल को भेंट के दौरान कई अन्य कार्यक्रमों में सहभाग लिया यथा- एमएसएमई और रिटेल ऋण ग्राहकों के लिए आउटरीच कार्यक्रम, स्वर्ण

ऋणों की निर्बाध डिलीवरी के लिए ट्विन सोलापुर शाखा में विशेष स्वर्ण ऋण प्वाइंट काउंटर का उद्घाटन। उन्होंने क्यूआर कोड डिजिटल बैंकिंग सुविधा वाली पीएम स्वनिधि योजना के विभिन्न पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया।

फोटो कैप्शन: श्री ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने कलमण ग्राम, सोलापुर में स्व - सहायता समूह मेला के दौरान समर्थ महिला बचत गत को रू.5.00 लाख का चेक प्रदान किया। फोटो में एसएचजी सदस्यों के साथ उनकी बाईं तरफ हैं श्रीमती सुनीता भोसले, अंचल प्रबंधक, सोलापुर अंचल और उनके दाहिने तरफ हैं श्री हेमन्त महाजन, उप अंचल प्रबंधक